## एक नजर

### अज्ञानता है मानव जीवन के दुखों का मुख्य कारण

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर पर रविवार को साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया गया। इसमें वेद मंत्रों से यज्ञ संपन्न कराया गया। वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने कहा कि हम सबका सच्चा पिता परमात्मा है। यद्यपि हमें जन्म देने वाले, हमें शिक्षा और सुरक्षा देने वाले सभी गुरुजन वृद्धजन भी हमारे पिता ही होते हैं। परमात्मा की विशेषता है कि वह सदा हमारे साथ रहता है। तथाकथित धर्म अधिकारियों ने अज्ञान व लोभ के चलते उसे हमसे दूर कर दिया है। कोई काबा तो कोई काशी, कोई मंदिर तो कोई मस्जिद, गुरुद्वारे में बताता है किंतु सच यह है कि हमारे शरीर रूपी मकान में हम भी रहते हैं और हमारा पिता परमात्मा भी रहता है। दूरी केवल अज्ञान की है। इस मौके पर प्रश्रय आर्य, भावना रानी, तृप्ति आर्य, राकेश आर्य, रेखा रानी, वंशिका, सक्षम, निरेश आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा के लिए तैयार रहते हैं स्काउट

**बदायूं।** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी। रविवार को स्काउट भवन में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएस डा. कप्तान सिंह ने आरंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ चिंतन और सद्भाव से मनुष्य में देवत्व का उदय होता है। स्काउट सदैव निस्वार्थ सेवा भाव के लिए तत्पर रहते हैं। स्काउट संस्था के जिलाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना ने भी संबोधित किया। प्रशिक्षिका पूर्वी सक्सेना, सिम्मी नाजिर और सोनम कश्यप के नेतृत्व में छात्रा राधिका, नित्या, डौली, अर्पिता आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर नेहा कटियार, डा. रियाज आदि रहे।

### बदायूं क्लब में नववर्ष मेला आज

**बदायूं।** नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर 8 अप्रैल को बदायूं क्लब में भारतीय नववर्ष मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में शाम चार बजे से रात्रि दस बजे तक अनेक कार्यक्रम होंगे। इस मेले में कई सामाजिक संगठन भी हिस्सा लेंगे। मेले में कई सनातनी, भारतीय संस्कृति, उद्योग, शिल्पकला एवं जलपान के बहुत सारे आकर्षक स्टॉल लगेंगे। साथ ही भारतीय संस्कृति से सुसज्जित कार्यक्रम विशेष होंगे। उक्त जानकारी बदायूं क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने दी है।

# ईद के नजदीक आते ही बाजार हुए गुलजार, पहुंचने लगे खरीदार

## ईद को लेकर बाजार में शुरू हो गई परिधान व खाद्य पदार्थों की खरीदारी, सुबह से रात तक दुकानों में रहती है रौनक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जूते-चप्पल की दुकान में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


दुकान से सेवई खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

- नेहरु चौक, बड़ा बाजार, घंटा घर के बाजारों में उमड़ रहे लोग

> रेडीमेड कपड़ों की मांग ज्यादा रेडीमेड गारमेंट ने करीब 70 फीसदी बाजार पर कब्जा कर लिया है। पहले लोग कपड़े सिलवाते थे, लेकिन अब रेडीमेड खरीदते हैं। कुर्ता पायजामा, शेरवानी भी अब रेडिमेड मिल रहे हैं। हालांकि, काफी लोग रेडीमेड कपड़े नहीं खरीदते।
> **-नादिर अली**, रेडीमेड व्यापारी

**अमृत विचारः** ईद का त्योहार नजदीक है। इससे पूर्व ही बाजार में बाजार में रौनक बढ़ गई है। बाजार में तरह-तरह के खाने-पीने के चीजों की दुकानों पर लोग खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, कपड़े की दुकानों, रेडीमेड के साथ-साथ आभूषण व अन्य दुकानों के बाहर सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो जा रही है।

ईद में सेवई का खास महत्व है। इसलिए दुकानों पर तरह-तरह की सेवइयां भी देखी जा रही हैं। शहर के नेहरु चौक, बड़ा बाजार, घंटा घर तथा छह सड़का बाजार में ईद को लेकर रौनक दिखने लगी है। तेज धूप व गर्मी के बीच पुरुष, बच्चे व महिलाओं की भीड़ उमड़ रही हैं। सेवई की दुकानों पर मोटी व बारीक सेवइयों के अतिरिक्त तली हुई सेवइयों के स्टाल लोगों को खूब लुभा रहे हैं। यही नहीं कपड़ों की दुकानों के साथ-साथ बर्तनों की दुकानों पर काफी भीड़ मिल रही है। मुस्लिम समुदाय के लोग ईद-उल-फितर धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रहे हैं। बाजारों में सेवइयों, कपड़ों, जूता-चप्पल, मेवा आदि की खूब बिक्री हो रही है। उम्मीद है कि बुधवार को चांद का दीदार हो जाएगा और गुरुवार को ईद मनाई जाएगी। बाजारों में क्रॉकरी का सामान, चूड़ी, श्रृंगार का सामान, सेवई, जूता, चप्पल, रेडीमेड कपड़े, कुर्ता, पायजामा, टोपी, मेहंदी आदि की खरीदारी खूब हो रही है।

**संडे बाजार में लोगों ने की खरीदारी :** गांधी ग्राउंड में संडे बाजार लगता है। जहां सस्ते दामों में हर वस्तु उपलब्ध रहती है। रविवार को ईद की तैयारी में जुटे मुस्लिम समाज के लोगों ने पहुंचकर कपड़े, जूते चप्पल आदि की खरीदारी की। सुबह से दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक बाजार में खरीदारों की खासी भीड़ रही।

> क्षमता के अनुसार लोग कर रहे खरीदारी महंगाई जरूर है, लेकिन ईद के मद्देनजर लोग खरीदारी कर रहे हैं। लोग अपनी क्षमता के अनुसार ईद मना रहे हैं। उनके द्वारा खरीदारी भी की जा रही है। महंगाई के बीच भी अच्छी बिक्री हो रही है।
> **-जब्बाद**, फुटवियर व्यापारी।

### 100-200 रुपये किलो तक बिक रहीं सेवइयां

महंगाई का असर बाजार में साफ दिख रहा है। इस बार सेवइयां 100 से 200 रुपये किलो तक बिक रहीं हैं। मेवा पर भी महंगाई की मार है। खाने-पीने के अन्य सामान भी महंगाई के रंग से सुर्ख हो रहे हैं। महंगाई के चलते लोग जरूरत भर का सामान ही खरीद रहे हैं। बढ़ती महंगाई का असर भी खरीदारी पर देखा जा रहा है। दुकानदार भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि महंगाई के कारण लोगों की खरीदारी की क्षमता कम हुई है।


रविवार को बाजार में दिखी अच्छी-खासी भीड़। ● अमृत विचार

# अफसरों के आवास से हटाए जाएंगे होमगार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- चुनाव ड्यूटी करने जाएंगे 945 होमगार्ड सेवक, दूसरे जिलों से आएंगे साढ़े चार हजार होमगार्ड

> होमगार्ड सेवकों की ड्यूटी लगा दी गयी है। चुनाव के कारण अधिकारियों के आवासों पर लगाए गए होमगार्ड को हटाया जाएगा जिससे चुनाव में उनको लगाया जा सके। इसकी अनुमति जिला अधिकारी से ली जाएगी। कुछ समय के लिए अधिकारियों के आवासों से होमगार्ड वापस बुला कर ड्यूटी पर भेजे जाएंगे। इसके बाद कुछ होमगार्ड जिले में रहेंगे। मतदान में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।
> **-रमाकांत पाठक** - होमगार्ड कमांडेंट।

**अमृत विचार :** जनपद में कुल 1330 होमगार्ड सेवक हैं। इन होमगार्ड सेवकों की ड्यूटी लोकसभा चुनाव में लगा दी गयी है। अधिकारियों के आवास पर तैनात होमगार्ड हटाए जाएंगे और उन्हे चुनाव ड्यूटी में लगाया जाएगा। चुनाव में 945 होमगार्ड सेवकों को लगाया गया है। जनपद में तीसरे चरण में मतदान है इसलिए दूसरे जिलों से यहां चुनाव कराने को साढ़े चार हजार होमगार्ड सेवक आएंगे।

होमगार्ड सेवकों को लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर लगाया जाता है। इस बार 945 होमगार्ड सेवकों को चुनाव में लगाया गया है। पहले चरण का मतदान कराने को 15 अप्रैल को होमगार्ड सेवक मुजफ्फरनगर जाएंगे। वहां पर 20 से 27 अप्रैल तक मतदान कराने के बाद लौटेंगे और फिर दूसरे चरण का मतदान कराने को अलीगढ़ जाएंगे। वहां मतदान कराने के बाद तीसरे चरण का मतदान कराने को अपने जिले में रहेंगे। यहां पर 7 मई को मतदान होना है। इसलिए दूसरे जिलों से भी करीब साढ़े चार हजार होमगार्ड सेवक यहां आएंगे। उसके बाद चौथे चरण के मतदान के लिए 985 होमगार्ड सेवक कन्नौज जाएंगे। पंचम चरण का मतदान कराने को 985 होमगार्ड प्रयागराज में होंगे और फिर अंतिम चरण का मतदान कराने को 985 होमगार्ड कुशीनगर जाएंगे। वहां से 2 जून को वापसी होगी।

# ई-पॉस मशीन से बंटेगा राशन, नहीं होगी घटतौली

**दातागंज, अमृत विचार :** अप्रैल माह में राशन का वितरण इलेक्ट्रॉनिक कांटा एवं ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जाएगा जिससे घटतौली की समस्या खत्म हो जाएगी। ब्लॉक दातागंज के समरेर, म्याऊं, उसावां में कुल मिलाकर 326 राशन विक्रेता हैं। शासन की ओर से 326 इलेक्ट्रिक कांटे शनिवार को बांटे गए। लेकिन अभी ई पास मशीन नहीं आई हैं। एक या दो दिन में ई पास मशीन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद यह सिस्टम चालू हो जाएगी। पूर्ति निरीक्षक प्रदीप यादव, राजेन्द्र कुमार, सचिन मिश्रा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक कांटा एवं ई पास मशीन को एक साथ जोड़ा जाएगा। राशन कार्ड धारकों को अब पूरा राशन मशीन से तौलने के बाद ही ई पास मशीन खाद्यान्न की स्लिप जारी करेगी। इसके बिना अब राशन नहीं मिलेगा। शासन की इस नई व्यवस्था से कार्ड धारकों को अब पूरा राशन मिलना शुरू हो जायेगा जिसे घटतौली की समस्या खत्म हो जाएगी।

# तालाब पर कब्जे से सड़क पर जलभराव, बीमारी का खतरा

संवाददाता, ककराला

- रमजान के मुबारक माह में रोजेदारों का मस्जिद जाना हुआ दूभर
- लोगों में संचारी रोगों के फैलने का उत्पन्न हुआ खतरा, बढ़ा रोष

**अमृत विचारः** कादरचौक ब्लॉक के गांव बेहटा डंमर स्थित तालाब पर कुछ लोगों ने कब्जा कर निर्माण करा लिया है। जिसकी वजह से गांव की सड़कों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसी स्थिति में लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, संचारी रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। इस मामले की शिकायत जिम्मेदारों से भी की गई है। बावजूद कोई हल नहीं निकल रहा है, जिससे में आक्रोश बढ़ रहा है।

गांव में ग्राम समाज की जमीन पर तालाब है। जिस पर गांव के कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर भराव कर लिया है। साथ ही उस पर निर्माण करा लिया है। जिसकी वजह से घरों से निकलने वाला पानी तालाब के स्थान पर सड़कों पर जमा हो रहा है। सबसे अधिक दिक्कत नूरानी मस्जिद वाली रोड पर है। यहां नमाज के आने जाने वाले लोगों के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कीचड़ भरे गंदे पानी से निकलकर मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए जाना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीणों ने तालाब को कब्जा मुक्त कराने की मांग डीएम से की है।

### क्या कहते हैं लोग


गांव के हालातों पर जिम्मेदारों को ध्यान देना चाहिए। सड़कों पर जलभराव होने की वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
**- फिरोज**


गांव की समस्या का जल्द समाधान होना चाहिए। अवैध कब्जे पर पैमाइश कराकर पानी का निकास कराया जाए। पूरे रमजान नापाक होने से जैसे तैसे खुद को बचाया है।
**- इब्ने अली**


जिले के उच्चाधिकारियों को मामला संज्ञान में लेना चाहिए। ये जलभराव आपदा का कारण न बन जाए, इसको लेकर डर लगने लगा है।
**- फिरासत खान**


गांव के कुछ लोगो ने ग्रामसभा के तालाब में मिट्टी डाल ली। जिसके चलते जलभराव समस्या उत्पन्न हो गई। वर्तमान प्रधान को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी।
**- यामीन**, पूर्व प्रधान

# वल्नरेबल व क्रिटिकल बूथों का किया निरीक्षण

**बदायूं, अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने शनिवार को बदायूं विधानसभा क्षेत्र के वल्नरेबल व क्रिटिकल बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां अव्यवस्थाएं मिलने पर सुधार के निर्देश दिए। वहीं, प्राथमिक विद्यालय कान्हा नगला में उनके द्वारा जनसंवाद किया गया। इसमें उन्होंने चुनाव शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए ग्रामीणों से अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने क्षेत्र के मतदाताओं, संभ्रांत नागरिकों, बुजुर्गों, युवाओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो संबंधित को चिह्नित कर उसके खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा कि बदायूं आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का जनपद है। इसमें किसी प्रकार की कोई घटना निर्वाचन के दौरान या उसके उपरांत नहीं होनी चाहिए। कहा कि जिनके वोट नहीं बने हैं। वह नौ अप्रैल तक बनवा सकते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार आदि रहे।

# चुनावों में लगे कार्मिकों को मिलेंगे डाक मतपत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- लोकसभा चुनाव में 15 हजार से अधिक कर्मियों की लगी ड्यूटी
- प्रथम चरण का प्रशिक्षण समाप्त, अब दूसरे की चल रही तैयारी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारी जारी हैं। कार्मिकों को ड्यूटी वितरण करने के बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाने लगा है। जिन कर्मचारियों की चुनाव में डयूटी लगी है। वह डाक मतपत्र से वोट डाल सकेंगे। चुनाव में करीब 15 हजार से अधिक कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वैभव शर्मा ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात सभी कार्मिक जो बदायूं लोक सभा क्षेत्र के मतदाता हैं, उन्हें तैनाती स्थल पर मतदान करने का अधिकार मिलेगा जबकि बाहरी कार्मिकों को डाक मतपत्र से वोट डालने का अधिकार होगा। इसके लिए निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कार्मिक प्रारूप 12 क भरकर रिटर्निंग ऑफिसर को ईडीसी के लिए निर्वाचन ड्यूटी की प्रति और मतदाता पहचान पत्र की प्रति सहित आवेदन करेंगे। इसके बाद उन्हें द्वितीय प्रशिक्षण में वोट करने का अधिकार पत्र दे दिया जाएगा। वहीं, बदायूं लोकसभा के बाहर के लोकसभा क्षेत्र के मतदाता कार्मिकों की ओर से प्रारूप 12 क डाक मतपत्र के लिए आवेदन के साथ निर्वाचन ड्यूटी की प्रति एवं मतदाता पहचान पत्र की प्रति सहित आवेदन प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र के पास करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण समाप्त हो गया है। अब कार्मिकों को 22 अप्रैल से दूसरे चरण का प्रशिक्षण निर्धारित स्थान पर दिया जाएगा। जिसकी तैयारी पहले से पूरी कर ली गई है।

# कस्बे के मदरसा मिफता उलूम मस्जिद में कुरान मुकम्मल कर किया इस्तकबाल


हाफिज मोहम्मद आबिद का फूल माला पहना कर इस्तकबाल करते वीडीओ मुनव्वर खांन। ● अमृत विचार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** कस्बे के ब्योर रोड स्थित मदरसा मिफता उल उलूम की मस्जिद में 27वीं शब शनिवार को कुरान मुकम्मल हुआ। मस्जिद में कुराने पाक हाफिज मोहम्मद आबिद ने सुनाया, मुफ्ती मोहम्मद आलिम कुरान को उनके पीछे सुना। कुरान पाक मुकम्मल होने पर हाफिज मोहम्मद आबिद को इस्लामनगर विकासखंड के खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान ने फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इस मौके पर मौलाना अताउर रहमान ने कुरान की तिलावत की ओर रोशनी डाली। कुरान की अहमियत के बारे में बताया। इसके बाद हाफिज मोहम्मद रिजवान ने दुआ कराई। दुआ में मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए सैकड़ों हाथ उठे । बाद में सभी को कमेटी की जानिब से तबर्रूक को तकसीम किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। मौलाना इकबाल अहमद, हाफिज इसरार, अब्दुल गफ्फार, अकरम मलिक, मुस्तकीम मलिक एडवोकेट, मेराज, हाजी आले अहमद आदि रहे।

# मटका वाली मस्जिद में कुरान हुआ मुकम्मल

**ककराला, अमृत विचार :** पुरानी पुलिस चौकी के निकट 24 साल से इमामत कर रहे मटका वाली मस्जिद के इमाम हाफिज आमिल सकलैनी ने कुरान पाक पूरा किया। नगर के मुक्तादि लोगों के अलावा अन्य धर्मों के लोग हाफिज सकलैनी का आदर करते हैं। गंगा जमुनी तहजीब वाले कस्बा ककराला में हाफिज आमिल सकलैनी को काफी प्यार मिला है। मस्जिद में 27 शब को नात ख्वानी हुई और हाफिज आमिल साहब को पगड़ी बांध कर सम्मानित किया गया।


मटका वाली मस्जिद के इमाम कुरान पाक मुकम्मल करते हुए।

# मिट्टी में लगाई ज्यादा यूरिया मक्का की फसल में लगी सूड़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


खेत में खड़ी मक्का की फसल पड़ गई पीली।

- किसानों द्वारा ज्यादा यूरिया का प्रयोग करने से आ रही है समस्या
- कोरोजिन का छिड़काव कर रहे किसान, पानी लगाने का सुझाव

**अमृत विचार :** फसलों के लिए यूरिया का लगातार प्रयोग नुकसानदायक साबित हो रहा है। फसलों के उगते ही सूड़ी पड़ने लगी हैं। कृषि विभाग की सलाह पर कोरोजिन दवा का छिड़काव करके किसान फसल में पानी लगा रहे हैं।

इस बार मक्का की खेती फसल करने वाले किसानों की संख्या अधिक है। अब तक तो सरसों के खेतों में मक्का बोई जा रही थी मगर अब किसान गेहूं काटकर मक्का की खेती कर रहे हैं। जिन किसानों ने सरसों के खेतों में मक्का लगाई है वह मक्का पत्तेदार हो रही है। खेत के अंदर सूड़ी होने से मक्का के पौधे को वह नीचे से काट रही है जिससे पौधा सूख रहा है। इस पर किसानों ने कृषि विभाग से सलाह ली है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि जिस खेत में सूड़ी लगी है, उसमें कोरोजिन दवा का छिड़काव किया जाए। कोरोजिन दवा से खेत के अंदर मिट्टी में जो सूड़ी है, वह मर जाएगी। उसके बाद मक्के का पौधा स्वस्थ रहेगा। विभाग का कहना है कि मक्का की फसल में पहला पानी तब लगाएं जब पौधे का पत्ता सूखने लगे। देर से पानी लगने से मक्के का पौधा जल्द तैयार हो जाता है।

**कायाकल्प** केंद्र सरकार से चयन होने के बाद निर्माण के लिए आवंटित किए गए 10 करोड़

# अमृत भारत योजना के तहत संवरेगी उझानी रेलवे स्टेशन की सूरत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


उझानी का रेलवे स्टेशन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमृत भारत योजना के तहत उझानी के रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन की पुरानी बिल्डिंग की जगह अब पूरी नई आधुनिक बिल्डिंग बनाई गई है। नया रेलवे स्टेशन करीब दस करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा।

केंद्र सरकार की अमृत भारत महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत रेलवे ने कई रेलवे स्टेशनों की कायाकल्प की है। इसी क्रम में जिले की उझानी रेलवे स्टेशन पर करीब एक साल से काम किया जा रहा है। पुरानी बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग बनायी गयी है। एक दरवाजा की जगह दो दरवाजे बनाए गए हैं। रेलवे यात्रियों को बैठने को बेंच बढ़ाई गई हैं। टीन शेड भी बदला गया है। प्लेटफार्म नंबर एक को ऊंचा किया गया है, जिससे इधर से भी यात्री ट्रेन पर चढ़ उतर सकें। प्लेटफार्म नंबर एक पर टीन शेड, बेंच, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित कई अन्य कार्य किए गए हैं। इसका क्षेत्र बढ़ाया गया है। दोनों प्लेटफार्म पर पत्थर और टाइल्स लगाई जा रही है। रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए पहले एक गेट था अब दो गेट बनाए गए हैं। पहले रेलवे स्टेशन छोटा था अब उसका एरिया और बढ़ाया गया है।

रेलवे स्टेशन के आस पास भी सफाई कराई गई है, जिससे किसी तरह का यात्रियों को अवरोध उत्पन्न न हो सके। रेलवे स्टेशन पर नया वेटिंग रूम, बाथरूम, दिव्यांगों को प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए अलग से व्यवस्था की गयी है। नया बुकिंग काउंटर बनाया गया है, जो यात्रियों को आकर्षित कर रहा है। रेलवे स्टेशन पर कई जगहों पर एसी लगाए गए हैं। रेल यात्रियों को बैठने के लिए बेंच के अलावा अलग से स्लैप भी बनाया जा रहे हैं। मेन गेट से लेकर अंदर तक किसी महानगर की रेलवे स्टेशन की तरह कार्य कराया गया है।

### प्लेटफार्म नंबर दो पर जल्द शुरू होगा काम

बदायूं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो को ऊंचा करने के बाद फर्श बना कर छोड़ दिया गया है। करीब एक महीने से काम बंद है। ठेकेदार भी यहां से जा चुका है। प्लेटफार्म नंबर दो पर बैठने के लिए यात्रियों को किसी तरह की सुविधा नहीं है। बेंचें भी नहीं बनाई गई हैं। टीन शेड बनना था वह भी नहीं बनाया गया है जिससे यहां पर यात्री बैठते भी नहीं हैं। सुविधाएं न होने से ट्रेन यात्री प्लेटफार्म नम्बर एक पर ही बैठते हैं। रेलवे प्रशासन का कहना है कि ठेकेदार जल्द काम शुरू करेगा।

- प्लेटफार्म किया गया ऊंचा, आधुनिक संसाधनों से तैयार किया जा रहा रेलवे स्टेशन

> अमृत भारत योजना के तहत करीब दस करोड़ की लागत से यह सभी कार्य कराए जा रहे हैं। अब कार्य लगभग पूरा होने वाला है। रेलवे स्टेशन पूरी तरह बरेली सिटी जैसा बनाया गया है, जो लोगों को नया लग रहा है। जब पूरी तरह बन कर तैयार हो जाएगा तो यहां का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में यदि कोई कमी मिलती है तो उस पर काम किया जाएगा।
> **-अरुण सक्सेना** - स्टेशन मास्टर।

# कार्मिकों को मच्छरों ने काटा तो बीडीओ और ईओ होंगे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सभी मतदान केंद्रों के कक्षों की खिड़कियों पर लगाई जाएगी जाली
- जाली लगाने को जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीडीओ-ईओ को कहा

> मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं ठीक रखने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दे दिए गए हैं। मतदान कार्मिकों को मच्छरों से बचाव के लिए मतदान केंद्रों पर खिड़कियों और रोशनदानों पर जाली लगाने को भी कहा गया है। यह कार्य मतदान से पूर्व करा लिए जाएंगे। **-डॉ वैभव शर्मा**, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ।

**अमृत विचारः** बदायूं लोकसभा सीट पर तीसरे चरण के दौरान सात मई को मतदान होना है। जिसकी प्रशासन द्वारा तैयारी चल रही है। मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान कार्मिकों को मच्छरों से बचाने के लिए सभी मतदान केंद्रों के कक्षों की खिड़कियों पर जाली लगाई जाएगी। जिसके निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी और निकायों के ईओ को दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर मतदान केंद्र मच्छर मुक्त नहीं हुए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गर्मी और गांवों में मच्छरों के प्रकोप को देखते हुए चुनाव आयोग ने भी इसके लिए गाइडलाइन जारी की है। आयोग द्वारा गाइडलाइन जारी होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने सात मई से पहले सभी 1720 मतदान केंद्रों और उनके 2577 मतदेय स्थलों को साफ-सफाई के साथ सभी कक्षों में जाली लगाने के लिए कहा है। इसके लिए जिले की सभी 21 निकायों के अधिशासी अधिकारियों और 15 ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही चेतावनी दी है कि मतदान केंद्रों पर यदि कहीं मच्छरों के काटने से मतदान कार्मिक बीमार होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

### चुनाव संबंधी कंट्रोल रूम पर करें शिकायत

लोकसभा चुनाव में कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया जा चुका है। एसएसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता कंट्रोल रूम के इन मोबाइल नं. 9956454665 तथा 9956454683 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर



डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

# स्कूलों की लापरवाही से 98 बच्चों के खाते में नहीं आई राशि

## बैंक खातों में सुधार को बीएसए ने स्कूलों को भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अलाभित शिक्षा के तहत निजी स्कूलों में अध्ययनरत हैं बच्चे
- शासन से कॉपी किताबें खरीदने को भेजा था बजट

**अमृत विचार:** शिक्षा के अधिकार के तहत 98 बच्चे स्कूल को उनके बैंक खातों में विभाग द्वारा भेजी गई राशि नहीं पहुंच पा रही है। ऐसी स्थिति में बीएसए ने स्कूलों को नोटिस जारी किया है। इस बात को एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी स्कूल संचालकों की ओर से त्रुटियों को दूर नहीं किया जा रहा है।

अलाभित शिक्षा (आरटीई)के तहत निजी स्कूलों में दस हजार से अधिक बच्चे जिले के एक हजार से अधिक स्कूलों में अध्ययनरत हैं। इनमें से पिछले साल 1836 बच्चों का कक्षा नर्सरी से एक तक की कक्षाओं में प्रवेश लॉटरी के माध्यम से किया गया था। मार्च माह के दौरान शासन की ओर से कॉपी-किताबें खरीदने के लिए प्रति बच्चा पांच हजार रुपये के हिसाब से लगभग 91 लाख 80 रुपये का बजट विभाग को भेजा था। साथ ही निर्देश दिए गए थे कि जिन बच्चों का डाटा पोर्टल पर फीड है। उन्हीं के बैंक खातों में धनराशि भेजी जाएगी। जांच के बाद पता चला कि आरटीई पोर्टल पर 1551 बच्चों का डाटा फीड है। जिस पर विभाग द्वारा 1551 बच्चों के बैंक खातों में 77 लाख 55 हजार रुपये भेज दिए। शेष बची धनराशि करीब 1,425,000 शासन में समर्पित कर दी। 1551 बच्चों के खाते में भेजी गई धनराशि में 98 बच्चों का पैसा बैंक खाते में त्रुटियां होने की वजह से विभाग के पास वापस आ गया। बीएसए ने इन स्कूलों को नोटिस जारी कर बच्चों के बैंक खाते में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस जारी किए एक सप्ताह का समय बीत चुका है। परंतु अभी तक सुधार संबंधी कोई जानकारी मिल सकी है। ऐसे में कॉपी किताबें खरीदने के लिए शासन से मिली धनराशि वापस होने की संभावना बन गई है। इस संबंध में बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि 98 बच्चों के बैंक खातों में गलतियां हैं। इसके लिए स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है। कुछ स्कूलों के द्वारा सुधार करा दिया है। कुछ शेष बचे हैं। उनमें भी सुधार कराने के बाद धनराशि बैंक खाते में भेज दी जाएगी।

## सिलहरी से वन विभाग ने हटाई टीम नहीं रहा खतरा

**बदायूं, अमृत विचार :** सिलहरी इलाके में तेंदुआ को लेकर भय बना हुआ था। आठ दिन बाद भी तेंदुआ दिखाई नहीं दिया तो लोगों ने राहत की सांस ली है। अब इस इलाके में वन विभाग की टीम शनिवार से गश्त नही कर रही है।

करीब आठ दिन पूर्व सिलहरी क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने का शोर मचा था। तेंदुआ का शोर सुन कर पुलिस और वन विभाग की टीम भी गांव पहुंच गयी। जिस युवक ने तेंदुआ होने की बात कही थी उससे पूछताछ की गयी तो उसने कहा कि तेंदुआ की तरह कोई जानवर था जिसने उस पर हमला कर दिया था। दहेमी निवासी पप्पू ने भी तेंदुआ होने की बात कही थी। इस तरह लोगों को तेंदुआ होने का यकीन हो गया। जिसके बाद वन विभाग ने अपनी टीम लगा दी। मगर तेंदुआ किसी को कहीं नजर नहीं आया और न ही उसके निशान मिले जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना काम शुरू कर दिया। शनिवार से वन विभाग की टीम को भी गांव से हटा लिया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई मां कर्मा की जयंती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कर्मा देवी के इतिहास पर छपेगी पत्रिका, वक्ताओं ने मा कर्मा को किया नमन

**अमृत विचार :** रविवार को शहर की एक धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मां कर्मा की 1008 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रमुख वक्ता राम बहादुर सहित अन्य अतिथियों ने सबसे पहले मां कर्मा के सम्मुख दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया।

डा. राम बहादुर व्यथित ने कहा कि भक्त शिरोमणि मां कर्मा व्यापारी के घर जन्मीं। वह भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त थीं। वह पुराने वस्त्रों में पुरी में पुराने कटोरे में चावल की खिचड़ी का भोग लगाने को श्री जगन्नाथ भगवान के मंदिर में प्रवेश कर रही थीं। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें डांट कर भगा दिया। परीक्षा की घड़ी आई। रात्रि में एक ओर मंदिर में 34 भोग तैयार थे, जो थाल में सजाए गए थे। वहीं, दूसरी ओर मां कर्मा भगवान को भोग लगाने को खिचड़ी लेकर बैठी थीं। सुबह को जब मंदिर के कपाट खुले तो पुजारी आश्चर्य चकित रह गए। मंदिर में 34 भोग वैसे ही रखे रहे, भगवान जगन्नाथ ने मंदिर की सीढ़ियों पर लेटीं मां कर्मा की खिचड़ी का भोग ग्रहण किया। उस दिन से आज तक भक्त कर्मा की पुण्य स्मृति में भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाते हैं।

मनोज मोदी ने कहा कि भविष्य में साहू राठौर समाज बड़े स्तर पर मां कर्मा देवी की जयंती मनाएगा। बीडी मथुरिया एडवोकेट ने कहा कि मां कर्मा के इतिहास को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक पत्रिका प्रकाशित की जाएगी। अंत में गुलाब सिंह राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूर्व सभासद जितेन्द्र साहू, राम निवास राठौर, गुलाब सिंह राठौर, मुकेश राठौर, अजय राठौर ने एकता का संदेश दिया।

## तीन दिवसीय होगा बीआर आंबेडकर का जन्मोत्सव समारोह

**बदायूं, अमृत विचार :** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें समिति के अध्यक्ष चिरंजी लाल ने कहा कि जनपद में बाबा साहेब भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का 133 वां जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा।

बैठक में चिरंजी लाल ने कहा कि 13 अप्रैल को शाम आठ बजे से डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के जीवन दर्शन पर आधारित चलचित्र, जादू का प्रदर्शन आंबेडकर पार्क में किया जाएगा। 14 को प्रातः 8 बजे से अंबेडकर पार्क में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 शोभायात्रा आरंभ होकर विभिन्न आकर्षक झांकियों बैंड बाजों से सुसज्जित होकर अंबेडकर पार्क से शुरू होगी, जो बाद में गांधी ग्राउंड में पहुंचकर जनसभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परिवर्तित हो जाएगी।

## कुएं में गिरे सांड़ को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला

**बिसौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मई में एक घुमंतू सांड़ कुएं में गिर गया। उसे जेसीबी की मदद से सकुशल बाहर निकालवाया। जिसकी चर्चा क्षेत्र में होती रही। रविवार की सुबह करीब दस बजे एक छुट्टा सांड़ गांव गोहान के पश्चिम दिशा में बने पुराने कुएं में अचानक गिर गया। जिसके बाद सांड़ जोर जोर से चिल्लाने लगा, कुएं से सांड़ की आवाज सुनकर आसपास के लोग कुएं पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने काफी देर तक रस्सी डालकर उसे बाहर निकलने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली, जिसके बाद इस मामले की जानकारी तहसीलदार विजय शुक्ला को दी गयी। सांड़ के कुएं में गिरने की सूचना मिलते ही तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जेसीबी की मदद से सांड़ को बाहर निकलवाया।

# दुविधा में भक्त, आठ या नौ से शुरू होंगे नवरात्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आठ अप्रैल की रात नवरात्र की प्रतिपदा को होगा आरंभ, अगले दिन नौ अप्रैल से शुरू होंगे नवरात्र

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र को लेकर इस बार लोगों के बीच में थोड़ी सी दुविधा है कि यह आठ अप्रैल से आरंभ होंगे या फिर नौ अप्रैल से होंगे। पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्र का आरंभ नौ अप्रैल से होगा। 9 दिनों का यह महापर्व रामनवमी के साथ 17 अप्रैल को समाप्त हो जाएगा।

ज्योतिषाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्र प्रतिपदा का आरंभ आठ अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट पर होगा और अगले दिन यानी 9 अप्रैल को रात के समय आठ बजकर 30 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। इसलिए उदया तिथि की मान्यता के अनुसार नवरात्र का आरंभ नौ अप्रैल से होगा। हिंदू धर्म में नवरात्र के नौ दिनों का महत्व बहुत ही खास माना जाता है। इन नौ दिनों में आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं में माना गया है कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा से जुड़ी सभी शक्तियां जागृत हो जाती हैं। इसलिए इन दिनों में मां दुर्गा की संपूर्ण विधि विधान से पूजा करने से आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।




मां कर्मा देवी की जयंती मनाते डा. राम बहादुर। साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार कलश स्थापना के लिए सिर्फ 51 मिनट का समय मिल रहा है। कलश स्थापना सुबह 6 बजकर 12 मिनट से लेकर 10 बजकर 23 मिनट तक कर सकते हैं। चार घंटे 11 मिनट का यह मुहूर्त सामान्य मुहूर्त माना जा रहा है। वहीं, घटस्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 49 मिनट से 12 बजकर 40 मिनट तक कुल 51 मिनट का है।

### घोड़े पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

ज्योतिषाचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी। मां दुर्गा का वाहन इस बात पर निर्भर करता है कि नवरात्र का पर्व किस दिन से आरंभ हो रहा है। पंचांग के अनुसार इस साल नवरात्र का आरंभ 09 अप्रैल मंगलवार से हो रहा है। इसलिए मां दुर्गा का वाहन अश्व यानी कि घोड़ा होगा। मां दुर्गा की घोड़े पर सवारी को आने वाले साल के लिए शुभ संकेत नहीं माना जाता है। घोड़े पर देवी का आना युद्ध छत्र भंग यानी कई स्थानों पर सत्ता परिवर्तन का संकेत दे रहा है। इस साल देश में आम चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि चुनाव के नतीजे काफी आश्चर्यजनक हो सकते हैं। इसके अलावा घोड़े पर मां दुर्गा का आना राष्ट्रीय आपदा साथ लेकर आता है। पूरे देश को कोई भयंकर प्राकृतिक आपदा झेलनी पड़ सकती है। जबकि शारदीय नवरात्रि में इस बार मां का आगमन गुरुवार को होने से मां की सवारी डोले पर होगी। मां का डोले पर आना भी अपने साथ भयंकर परिणाम लेकर आता है।

## सार-संक्षेप

### मशीन का कमाल, एक दिन में काटे पांच बीघा गेहूं



**मुजरिया।** गेहूं की कटाई की शुरुआत होते ही गेंहू काटने वाले मजदूरों की कमी हो जाती है। आजकल कम समय और कम लागत में जल्दी गेहूं की कटाई की शुरुआत ज्यौरा पारवारा के नरेश कुमार ने की है। मशीन से गेहूं की कटाई होता देख ग्रामीणों में खुशी है।मुजरिया क्षेत्र के गांव ज्योरा के रहने वाले नरेश किसान ने बताया कि उसने ऑनलाइन गेंहू काटने की मशीन को मंगवा कर गेंहू काटना शुरू किया, तो एक अद्भुत नजारा देखने को मिला। मशीन से एक दिन में एक व्यक्ति लगभग पांच बीघा गेंहू काट सकता है। मशीन पेट्रोल से चलती है। मशीन का वजन कम होने के कारण पीठ पर लादकर चलाया जाता है। नरेश ने जब मशीन को अपने खेत में चलाया तो मशीन देखने वालों का तांता लग गया। दूर दूर से मशीन देखने लोग आने लगे। नरेश का कहना है कि एक आदमी एक दिन में करीब पांच बीघा गेहूं काट सकता है। अब मजदूर को तलाश करने की जरूरत नही है। आने वाले समय में हर घर में मशीन होगी और लोग आराम से अपने गेहूं की कटाई कर सकेंगे।

### सपा के पूर्व महासचिव ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री के आवास पर ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**बदायूं।** जिले में सपा को लगातार झटके लग रहे हैं। एक दिन पूर्व बिसौली विधायक की बहन और पत्नी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं, रविवार को सपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव योगेंद्र तोमर भी भाजपाई हो गए। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार बीएल वर्मा के नई दिल्ली आवास पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने उनको पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने बताया रविवार को सपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव को दिल्ली स्थित अपने आवास पर केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

### योगेंद्र पाल के भाजपा में शामिल होने पर जताई खुशी



**बिल्सी।** गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांव मिठनपुर निवासी ठाकुर योगेंद्र पाल सिंह के भाजपा में शामिल होने पर रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला जाटान में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने अपने आवास पर मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि योगेंद्र पाल के पार्टी में शामिल होने के बाद जिले में भाजपा प्रत्याशी को काफी मजबूती मिलेगी। इस मौके पर सत्येंद्र शर्मा, रविंद्र मीणा, सोमपाल मीना, राम अवतार सिंह, राजू शर्मा, मोहित शर्मा, दिनेश मीणा, चिराग आदि मौजूद रहे।

### शांति के साथ मनाएं त्योहार, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**ककराला।** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव बेहटा डंबर में पुलिस ने अर्द्ध सैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च किया। ग्रामीणों से बात करते हुए सभी को त्योहारों को शांति सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। शनिवार को थाना निरीक्षक वेदपाल सिंह चौकी इंचार्ज बारिस खान अर्द्ध सैनिक बलों के जवानों के साथ बेहटा उम्बर गांव पहुंचकर फ्लैग मार्च किया। उसके बाद ग्रामीणों को एकत्र किया। थाना निरीक्षक वेदपाल सिंह ने कहा ईद का पर्व आ रहा है। सभी धर्मों को साथ मिल कर त्योहार मनाना चाहिए। किसी तरह का मनमुटाव ठीक नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी रहेगी फिर भी यदि कोई अराजकता फैलाने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों से कहा कि सभी लोग अमन शांति के साथ ईद का त्योहार मनाएं। किसी अफवाह पर ध्यान न दें।

### गांवों में मिल रही18 घंटे बिजली सप्लाई

**बदायूं।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से दो दिन पहले ही शासन स्तर से निर्देशित किया गया कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को 24 घंटे बिजली दी जाए लेकिन स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी के चलते गांवों में अभी भी 18 घंटे ही बिजली मिल रही है। उसमें भी कई कई घंटे की कटौती हो रही है। लोकसभा चुनाव के लिए दंगल शुरू हो गया है। ऐसे में शासन स्तर से निर्देशित किया गया कि शहरी व देहात इलाकों को 4 जून तक 24 घंटे बिजली दी जाए, जिससे गर्मी में लोगों को परेशानी न हो। इससे पहले शासन से मिले शेड्यूल के अनुसार देहात को 18 घंटे बिजली देने की व्यवस्था थी। जबकि शहरों में 22 घंटे बिजली देने के निर्देश थे। अब सरकार ने 4 जून तक हर जगह 24 घंटे बिजली देने के निर्देश दिए हैं।

अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश हैं कि 4 जून तक सभी जगहों पर 24 घंटे बिजली दी जाए। जिसके बाद विभाग ने बिजली सप्लाई के शेड्यूल में परिवर्तन किया है। फिर भी अभी 24 घंटे बिजली नही दी जा रही है। जल्द ही बिजली सप्लाई का शेड्यूल निर्धारित कर दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी इसकी शिकायत कर रहे हैं। इस मामले में सभी एसडीओ और अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित कर दिया गया है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## शराब पीकर गाली देने को लेकर की थी जितेंद्र की हत्या

**बिल्सी ,अमृत विचार :** बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव के पास खेत के गूल में युवक का शव मिला था। मृतक की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि शराब पीने के दौरान मारपीट के बाद उसने युवक के सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

बिल्सी क्षेत्र के गांव अगौल निवासी जितेंद्र शाक्य के माता-पिता नहीं थे। गांव में दादी के साथ रहते थे। तीन अप्रैल की शाम गांव के पास काली माता मंदिर के सामने के खेत की गूल में जितेंद्र शाक्य का शव मिला था। पुलिस ने अगले दिन शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के भाई आकाश शाक्य की तहरीर पर पुलिस ने पांच अप्रैल को गांव निवासी बॉबी पुत्र विद्याराम उर्फ पप्पू को नामजद करते हुए दो लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने हत्या की बात स्वीकारी है।

# शोधन के बाद किसानों को मिलेगा नई प्रजाति का बीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो हजार हेक्टेयर का रकबा बढ़ाने का दिया लक्ष्य, खेती का सर्वे कर रकबा बढ़ाने की तैयारी

**अमृत विचार :** गन्ना की फसल में रेड रॉट रोग बीमारी लगने से किसानों ने गन्ना खेती से किनारा करने का मन बना लिया है। इसलिए गन्ना खेती का रकबा दो साल में दो हजार हेक्टेयर कम हुआ है। अब गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने को गन्ना विभाग को निर्देशित किया गया है। इसके लिए गन्ना विभाग गांव गांव गोष्ठियां करके किसानों को गन्ना खेती करने को तैयार कर रहा है।

पिछले दो साल से गन्ना में रेड रॉट रोग बीमारी लग रही है। इस बीमारी से गन्ना का रंग लाल पड़ जाता है और गन्ना सूखने लगता है जिससे उस गन्ने को निकाल कर फेंक दिया जाता है। गन्ने में बीमारी लगने तथा अन्य कई समस्याओं के चलते गन्ना किसानों ने गन्ना खेती से किनारा करना शुरू कर दिया है। गन्ना विभाग के अभिलेखों में वर्ष 2022 में करीब 24 हजार हेक्टेयर रकबा में गन्ना खेती होती थी। उसके बाद 2023 में करीब 22 हजार हेक्टेयर रकबा में गन्ना खेती हुई। गन्ना खेती का रकबा कम होने से विभाग भी चिंतित है। इस बार फिर 24 हजार हेक्टेयर में गन्ना की खेती कराने की तैयारी की जा रही है। इसलिए अब विभाग ने किसानों के बीच गोष्ठियां करनी शुरू कर दी है। गांव गांव किसानों को गन्ना खेती से होने वाले फायदे के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही किसी तरह की दिक्कत होने पर गन्ना विभाग से संपर्क करने का आश्वासन दिया जा रहा है। जिले में इस साल गन्ना कम होने के कारण चीनी मिलें समय से पहले ही बंद हो गयीं।

गन्ना किसानों को शोध किया हुआ गन्ना बोने की सलाह दी जा रही है। गन्ना शोध केंद्र शाहजहांपुर के कृषि वैज्ञानिकों की सलाह पर अब नई प्रजाति का गन्ना लगाने को कहा जा रहा है। किसानों को गन्ने का शोध किया हुआ बीज मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए किसानों को गोष्ठियों में जानकारी दी जा रही है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पिछले साल गन्ने में रेड रोग की बीमारी लगने से किसानों को गन्ने का पूरा लाभ नहीं मिला। इस साल कार्यवाहक जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं जिस पर काम चल रहा है। फिलहाल गन्ना खेती का सर्वे किया जा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में किया डाक अभिकर्ता सम्मेलन

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने विधानसभा बिल्सी में जनसंपर्क किया। साथ ही उनके द्वारा डाकघर अभिकर्ता संघ सम्मेलन भी आयोजित किया गया। भाजपा प्रत्याशी ने विधानसभा क्षेत्र के गांव सिरसौली, अब्दुल्लागंज, रौली, वरामालदेव, हजरतगंज, रसूला भीकमपुर हरदोईपट्टी, सगराय, लहरा असदुल्लापुर, अहमदनगर असौली, नैथुआ, संजरपुर, रिसौली, मिहोना में जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को गिनाया। इस अवसर पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, एमएलसी वागीश पाठक, पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल आदि रहे।



भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## शहर में आज

- यूथ एवं नवीन वोटर्स जागरुकता के लिए विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी गंजडुंडवारा के महताब राय उ.मा. विद्यालय में सुबह 10 बजे से।
- मोहल्ला स्वच्छता समिति की बैठक शहर के रामवली कॉलोनी स्थित कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- शहर के लव-कुश नगर स्थित संकट हरण महादेव मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान सुबह 10 बजे से।
- श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कस्बा अमांपुर के जवाहर नगर में दोपहर तीन बजे से।

## एक नजर

### जुआ खेलते चार लोग दबोचे गए

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई की है। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोग भाग छूटे। पुलिस ने भाग रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से 2470 रुपये की नगदी और मौके से 52 पत्ते ताश के बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि आरोपी संजीव निवासी मोहल्ला नाथूराम, कमल निवासी मोहल्ला भीमनगर, छोटू निवासी गांव लालपुर अहरौली, लालाराम निवासी चित्रगुप्त कॉलोनी कासगंज के विरुद्ध सदर कोतवाली में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई है।

### सर्पदंश से महिला बेहोश

**कासगंज।** सदर कोतवाली के गांव बहेड़िया में अपने घर की सफाई कर रही 20 वर्षीय स्वाती पत्नी राजवीर के बाएं हाथ में सर्प ने डस लिया जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने स्वाती का उपचार किया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पति राजवीर ने बताया कि घर की सफाई करते समय उसकी पत्नी को सर्प ने डसा था। अब उपचार के बाद हालत सही है।

# चैत्र नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में शुरू की गईं तैयारियां

## शहर के माता चामुंडा रानी मंदिर पर नौ दिनों तक लगेगा भव्य मेला, मेले के लिए पहुंचने लगे दुकानदार लगा रहे दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं जहां मंदिरों में साफ सफाई तो घरों में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। शहर के चामुंडा मंदिर पर नौ दिनों तक भव्य मेला लगेगा। मेले को लेकर दूरदराज से आए दुकानदारों ने मेला ग्राउंड में डेरा डाल लिया है। कई अन्य दुकानें लगाई जा रही हैं।

चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र आरंभ होता है। यह नवरात्र नौ अप्रैल मंगलवार से शुरू होगा। इसको लेकर जहां माता के भक्तों में उत्साह दिखाई दे रहा है। वहीं, जिले भर के देवी मंदिरों में माता की पूजा अर्चना को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिरों की सफाई कराई जा रही है। नौ दिनों तक माता के पूजा अर्चना को मंदिर में पहुंचने वाले भक्तजनों की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है। शहर के चामुंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्र के नौ दिनों तक भव्य मेले का आयोजन होता है। इन नौ दिनों में लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता की पूजा अर्चना को मंदिर में पहुंचते हैं। मेले में दूरदराज से आने वाले दुकानदारों ने खेल-खिलौने, चाट पकौड़ी और घरेलू साजा-सज्जा की सामग्री, माता की पूजा सामग्री की दुकानें सजानी शुरू कर दी हैं। इन दुकानदारों में मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में डेरा डाल लिया है और दुकानों को लगाना शुरू कर दिया है।



शहर के चामुंडा मंदिर पर लगने वाले चैत्र मेले की तैयारियों को लेकर ग्राउंड में लगे झूले। ● अमृत विचार



चामुंडा माता चामुंडा रानी मंदिर परिसर में सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> चैत्र नवरात्र के नौ दिनों तक मंदिर से लगे मैदान में मेला लगेगा। मेले के आयोजन एवं माता की पूजा अर्चना को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। नवरात्र नौ से शुरू होकर 17 अप्रैल तक चलेंगे। नवरात्र में मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान होंगे।
>
> **– अनेक सिंह**, पुजारी चामुंडा मंदिर

### विक्रेताओं को अच्छी आय की उम्मीद



मंदिर पर नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। जो मेले की रौनक बनते हैं। मेले में दुकान लगाकर परिवार के लिए रोजी रोटी पैदा करते हैं। इसमें बेहतर आय होने की उम्मीद है।

**– सौरभ सैनी**, प्रसाद विक्रेता

वर्षों से चामुंडा मंदिर पर लगने वाले इस मेले में पूजा सामग्री एवं पोशाक की दुकान सजाते आ रहे हैं। माता की पोशाक के अलावा साज सज्जा की सामग्री बेचते हैं।

**– सुधीर कुमार**, पोशाक विक्रेता



# सोमवती अमावस्या आज, एक लाख श्रद्धालु उमड़ेंगे

**कासगंज,अमृत विचारः** आज सोमवती अमावस्या है। गंगा घाट श्रद्धा का सैलाब उमड़ेगा। उत्तर प्रदेश के अलावा समीपवर्ती राज्यों के श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचेंगे। पूर्व संध्या से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे।जिले के गंगाघाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचेंगे। कुछ श्रद्धालु तो पूर्व संध्या से ही गंगा घाटों पर पहुंचने लगे थे। सोमवती अमावस्या पर पितृ दोष मुक्ति के लिए पूजा की जाती है और पितरों का तर्पण भी किया जाता है। स्नान पर्व को लेकर गंगाघाटों पर दुकानदारों ने तैयारियां की है। तीर्थनगरी में तीर्थ पुरोहितों ने तैयारियां की हैं। सोमवार को लहरा, कादरगंज और कछला गंगाघाट पर एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचकर स्नान करेंगे। स्नान करने के लिए राजस्थान, मध्यप्रदेश तक से श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इसके अलावा आसपास जिलों के श्रद्धालु भी गंगास्नान करने के लिए घाटों पर पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर गंगाघाट पर नगरपालिका प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई हैं। वहीं प्रकाश व्यवस्था भी बनाई गई है।

# पुरस्कारों से विद्यार्थियों को मिलती हैं बढ़ने की प्रेरणा



छात्रा को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** सिढ़पुरा के दयानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवगिरि आचार्य हरीशंकर शास्त्री एवं प्रधान यतेन्द्र राजपूत ने किया। प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को वार्षिक परीक्षाफल वितरित कर शील्ड, मेडल आदि से सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया। डॉ. चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही समाज एवं देश की प्रगति संभव है। प्रधानाचार्य जवाहरलाल आर्य ने कहा कि शिक्षा के प्रति ईमानदारी बनाए रखें। मंच का संचालन डॉ. चंद्रशेखर शास्त्री ने किया। दिलीप, विक्रम, जितेंद्र, संकल्प, रजनी आर्या, शिखा गुप्ता, बबीता वर्मा, संतोष, अमित, सुमित आदि रहे।

# शराब बरामद, चार लोग गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचारः** जिले में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में जिला पुलिस द्वारा चार आरोपी गिरफ्तार किए हैं। कोतवाली गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा भूप सिंह निवासी ग्राम नैथरा थाना सिकंदरपुर वैश्य को 23 क्वार्टर एवं चंद्रपाल सिंह निवासी ग्राम नगला चिना को 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली पुलिस द्वारा 25 क्वार्टर शराब के साथ कल्लू निवासी ब्लाक 44 आवासीय कालोनी ततारपुर को गिरफ्तार किया है। थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस द्वारा दिलीप निवासी ग्राम उस्मानपुर को गिरफ्तार किया है। कब्जे से 23 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए हैं। एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने बताया कि संबंधित थानों पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# 25 हजार के इनामी अपराधी सहित तीन गिरफ्तार

- अवैध असलाह फैक्ट्री का किया गया खुलासा
- तमंचा और कारतूस भी किए गए बरामद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली पुलिस और एसओजी की टीम ने 25 हजार के फरार इनामी सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर अवैध असलाह फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस ने खुलासे के दौरान अपराधियों के कब्जे से छह तमंचे, एक पिस्टल और 11 अधबने तमंचे, 8 कारतूस और अवैध असलाह बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तार आरोपी चंदन ठाकुर पर हत्या के प्रयास के मामले में 25 हजार का इनाम घोषित था। रविवार को कासगंज पुलिस और एसओजी की टीम ने संयुक्त रूप से अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। ततारपुर गांव के जंगल से एक 25 हजार के फरार इनामी चंदन ठाकुर सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार करके अवैध असलाह फैक्ट्री का खुलासा कर दिया। खुलासे के दौरान पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से छह बने तमंचे, 11 अधबने तमंचे और एक पिस्टल, 8 जिंदा कारतूस सहित असलाह बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं।



पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर अपराधियों के संबंध में जानकारी देते एएसपी राजेश कुमार भारतीय। ● अमृत विचार

> पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों को जेल भेज दिया है। 25000 का इनामी अपराधी सहित तीन अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। इन सभी को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। इनके कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं। अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया गया है।
>
> **– अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

### चल रहे थे फरार

गिरफ्तार किए गए अपराधियों में चंदन ठाकुर, प्रिंस ठाकुर, हासिम शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधी चंदन ठाकुर हत्या के प्रयास के मामले में कोतवाली कासगंज से 25 हजार का इनामी भी था। गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधी कासगंज जिले के कोतवाली सदर और कोतवाली अमांपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों पर लूट, मारपीट सहित अन्य धाराओं में पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# रामोत्सव और हनुमान जयंती को लेकर की चर्चा




रामोत्सव एवं हनुमान जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा करते विभाग संगठन मंत्री सुशील कुमार ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भव्यता के साथ मनाए जाने का लिया गया निर्णय
- विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई आयोजित

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की परिषद शहर के रेलवे रोड स्थित गंगा देवी माहेश्वरी भवन में हुई। बैठक में रामोत्सव और हनुमान जयंती के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। साथ ही संगठन में नए सदस्यों को शामिल किए जाने पर विचार विर्मश हुआ। भव्यता के साथ आयोजन करने के निर्णय लिए गए।

विभाग संगठन मंत्री सुशील कुमार ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बड़ा संगठन है और पूरी तरह हिंदुत्व और राष्ट्र को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रयास रहना चाहिए है कि प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति संगठन का सदस्य हो। उन्होंने भावी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया। अपने सुझाव दिए। विभाग मंत्री विनय राज माहेश्वरी ने कहा कि रामोत्सव और हनुमान जयंती के आयोजन प्रस्तावित हैं। यह कार्यक्रम गत वर्षों की तरह भव्यता के साथ मनाएं जाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी साथियों से सुझाव आमंत्रित किए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामोत्सव और हनुमान जयंती को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। मोहित गुप्ता, प्रमोद साहू, प्रदीप कावरा, कृष्ण मुरारी दरगढ़, आदित्य गुप्ता, संजय गौड़, सुरेश मिश्रा, वासु जैन, सुनील मिश्रा, कमल गुप्ता, प्रशांत कावरा, अनुज, नितिन कुमार मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली सम्राट अशोक की शोभायात्रा


संवाददाता, सोरोंजी

- डेढ़ दर्जन आकर्षक झांकियों का किया गया प्रदर्शन
- कस्बा-ग्रामीण क्षेत्रों से शामिल हुए सैनी-मौर्य समाज के लोग

**अमृत विचार :** तीर्थ नगरी सोरों में मौर्य समाज द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें डेढ़ दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। मंचीय कार्यक्रम में वक्ताओं ने सम्राट अशोक की जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। समाज के युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने जयंती पर कार्यक्रम का आरंभ करते हुए सम्राट अशोक के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उच्च शिक्षा आयोग के सदस्य डा. राधाकृष्ण दीक्षित ने सम्राट अशोक को राष्ट्र की धरोहर बताया। सोरों के बारह पत्थर से शुरू हुई सम्राट अशोक की शोभायात्रा कछला चुंगी, रामसिंहपुरा, अनाज की मंडी, चंदन चौक बदरिया से होते हुए बारह पत्थर पर संपन्न हुई। इसमें चल रहे मौर्य समाज के लोग सम्राट अशोक की जय-जयकार कर रहे थे। जगह जगह समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

यात्रा में चल रहे लोगों को मीठा जल, फल आदि का वितरण किया। राजेंद्र मौर्य, गोविंद महेरे, सीमा शाक्य, संपूर्णानंद भारद्वाज, विकास निर्भय, लोकेश मौर्य, राजेश मौर्य, सूरज मौर्य, आकाश गोस्वामी, डा. एनपी सिंह हल्दिया, रूप किशोर मौर्य, आलोक मौर्य, मुकेश मौर्यवंशी, धर्मेंद्र शाक्य, सत्यदेव मौर्य, सोनू मौर्य, रामस्वरूप मौर्य, दीनदयाल मौर्य, नीरज मौर्य, राजू मौर्य आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार



तीर्थनगरी सोरों में निकाली सम्राट अशोक की शोभायात्रा में शामिल पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे एवं समाज बंधु। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जिले में 12 को जारी होगी निर्वाचन की अधिसूचना

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी रूप से सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। चुनाव आयोग द्वारा जनपद एटा एवं कासगंज में तृतीय चरण में चुनाव संपन्न होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने अवगत कराया है कि जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने की तिथि 12 अप्रैल, नाम निर्देशन के लिए अंतिम तिथि 19 अप्रैल, नाम निर्देशनों की जांच 20 अप्रैल, नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान का दिनांक 7 मई तथा मतगणना 4 जून को संपन्न होगी।

### सामान्य जानकारी व शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कासगंज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन के निर्वाचन की घोषणा करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है तथा जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी एवं शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के नंबरों- 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105 टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पदों के लिए 14 तक करें आवेदन

**कासगंज।** जनपद के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के तहत विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि चार अप्रैल निर्धारित थी परंतु वेबसाइट के कार्य न करने के कारण आवेदन नहीं हो पाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। डीएम के अनुमोदन के अनुसार पोर्टल पर जनपद के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के तहत अंतिम तिथि को आगे बढ़ा कर अब 14 अप्रैल कर दिया गया है।

# पुलिस ने पांच वारंटी किए गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचारः** जिले में वांछितों एवं वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान क्रम में जिला पुलिस द्वारा रविवार को पांच वारंटी गिरफ्तार किए गए। सहावर पुलिस द्वारा वारंटी धर्मवीर निवासी रोशन नगर एवं राजबहादुर निवासी ग्राम गुडगुडी को गिरफ्तार किया है।


थाना ढ़ोलना पुलिस द्वारा वारंटी हाकिम सिंह निवासी नगला कुवंरपुर थाना ढ़ोलना को गिरफ्तार किया है। थाना पटियाली पुलिस द्वारा वारंटी ब्रजमोहन निवासी ग्राम नगला हीरा एवं पप्पू निवासी ग्राम ब्रिसिंपुरा थाना पटियाली को गिरफ्तार किया है। एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने बताया कि सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई हुई है।

# नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर सजा भव्य फूल बंगला

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** कस्बा के मढ़ई स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया गया। मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान हुए। भव्य फूल बंगला सजा। शाम को भंडारा हुआ। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से ही वातावरण भक्तिमय था। मंदिर को फूलों की लड़ियों से सजाकर भव्यता प्रदान की गई थी। लाउडस्पीकर पर धार्मिक भजन और वेद मंत्रों का उच्चारण हो रहा था। मौका था मंदिर के वार्षिकोत्सव का। मंदिर में सुबह हवन हुआ। वेद मंत्रों के स्वर गुंजामयान थे। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर विश्वकल्याण की कामना की। फूल बंगला दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से शुरू हुआ धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला देर रात भंडरे और महाआरती के साथ संपन्न हुआ। पवन अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, श्रीभगवान पाराशर, दीपक पाराशर, मुन्नालाल, पप्पू स्वर्णकार, चेतन अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, धीरज रावत, नीरज रावत, यशोधर रावत, विपिन महेरे, गोविंद महेरे, गोपाल शास्त्री, दीनानाथ उपाध्याय, विजय अग्रवाल, छोटू उपाध्याय, उत्कर्ष पाराशर, रेहंस पाराशर, मुन्नालाल, मनी, संजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल आदि रहे।



नर्मदेश्वर महादेव मंदिर सजा फूल बंगला।

# विवाद में युवक को मारी गोली, रेफर

- गांव बहरोजपुर में हुई घटना, मची अफरातफरी
- हिरासत में लिए गए आरोपी पूछताछ हुई शुरू

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के गांव बहरोजपुर में जमीनी विवाद को लेकर नामजद आरोपियों ने युवक को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा के लिए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई गई है। इधर पुलिस ने जानलेवा हमले के प्रयास के आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मौके पर फील्ड यूनिट पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

गांव बहरोजपुर निवासी जगतपाल को गोली लगी है। घटना रविवार सुबह लगभग चार बजे की है। घायल के भाई दीपक ने पुलिस को बताया कि गांव के ही विक्रम व रवि ने घटना को अंजाम दिया है। जगतपाल अपनी जमीन पर मंदिर का निर्माण करना चाह रहे थे, लेकिन आरोपी निर्माण होने से रोक रहे थे। जब विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने गोली मार दी।

गोली जगतपाल के पेट में लगी है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया। इधर सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ पटियाली विजय कुमार राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। गहनता से जांच की। आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनसेपूछताछ की जा रही है।



घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों से बातचीत करते सीओ पटियाली विजय कुमार राणा। ● अमृत विचार

> घटना की जानकारी मिलने पर सीओ पटियाली मौके पर पहुंचे। फिल्ड यूनिट भी पहुंची है। साक्ष्य एकत्रित किए हैं। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> **– राजेश कुमार**, भारतीय एएसपी

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

